"भारत का इतिहास" पर पुस्तक लिखने के लिए समिति

5094. **श्री अजीत जोगी** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विद्यालयों और महाविद्यालयों में अध्ययन पाठ्यक्रमों हेतु "समकालीन भारत का इतिहास" पुस्तक लिखने के लिए गठित इतिहासकारों की समिति ने इस पुस्तक का प्रारूप तैयार कर लिया है;

(ख) क्या उक्त प्रारूप को उसकी क्षेत्रीय सलाहकार समितियों को प्रचालित किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस प्रारूप को कब तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) जी हां ।

(ग) स्वतंत्रता के पश्चात् भारत के समकालीन इतिहास को लिखने के कार्य में सहायता देने हेतु गठित राष्ट्रीय सलाहकार समिति की अवधि अगस्त, 1997 तक है ।

गुजरात में प्राथमिक शिक्षा

5095. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल**: क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने समूचे देश में और **विशेषकर गुजरात में प्राथमिक शिक्षा को** सर्व-सुलभ बनाने के लिये कोई कार्यक्रम आरम्भ किया है,

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(ग) इस कार्यक्रम के अन्तर्गत आरम्भ में राज्यवार कितने जिलों को शामिल किया जाना है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) (ख) से (ग) गुजरात में 'जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम' नामक एक नया कार्यक्रम आरम्भ किया गया है । यह कार्यक्रम, जिला विशेष आयोजना एवं एकल लक्ष्य निर्धारण के माध्यम से प्रारम्भिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने के लिए कार्य-नीति को कार्यान्वित करता है । योजनाओं के आंशिक कार्यान्वयन की अपेक्षा चुने हुए जिलों में प्राथमिक शिक्षा पद्धति को पूरी तरह से पुर्नगठित करना, इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य है । इस कार्यक्रम में उन जिलों को शामिल किया जाएगा, जिनमें महिला साक्षरता दर, राष्ट्रीय औसत दर से कम है तथा जिनमें पूर्ण साक्षरता अभियानों ने प्रारम्भिक शिक्षा के लिए सफलतापूर्वक मांग पैदा की है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत, प्रारम्भ में 7 राज्यों के 42 जिलों को चुना गया है । इन जिलों में असम के 4 जिले, हरियाणा के 4, कर्नाटक के 4, मध्य प्रदेश के 19, महाराष्ट्र के 5 तामिलनाडु के 3 तथा केरल के तीन जिले शामिल हैं ।

उत्तर प्रदेश में शैक्षणिक संस्थाओं को अनुदान

5096. **श्री ईश्वर्त यादव** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किसी महाविद्यालय/विद्यालय को अनुदान दिए जाने के लिए क्या मानदण्ड/प्रक्रियाएं अपनाई जाती हैं;

(ख) पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश में किन-किन महाविद्यालयों को अनुदान दिया गया और किस उद्देश्य हेतु दिया गया; और

(ग) क्या सरकार को इन अनुदानों के आवंटन में भेदभाव किए जाने के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री

(कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार-सभा में दीक्षांत समारोह

5097. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मानव संसाधन विकास मंत्री ने फरवरी/मार्च में दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा में दीक्षांत भाषण दिया था;

(ख) यदि हां, तो दीक्षांत समारोह में कितने लोग उपस्थित थे और कितने लोग पिछले तीन वर्षों के दौरान दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, द्वारा आयोजित की गई विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए थे;

(ग) क्या उस समारोह के अवसर पर सभा ने माननीय मंत्री महोदय के समक्ष हिन्दी के विकास हेतु विशेष सहायता दिए जाने की मांग रखी थी; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) जी, हां। वर्ष 1993 में सभा की परीक्षाओं में उत्तीर्ण 12700 उम्मीदवारों ने उक्त दीक्षान्त समारोह में व्यक्तिगत रूप से अपनी डिग्रियां प्राप्त कीं। 1991,1992 और 1993 के दौरान विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण उम्मीदवारों की संख्या क्रमशः 15448, 25395 और 27266 है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

AGE OF ADMISSION OF CHILDREN IN SCHOOLS

5098. **SHRI SURESH PACHOURI** : Will the Minister of **HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT** be pleased to state :

(a) Whether experts have pointed that in terms of chronological age a child at the time of entry to pre-school should be between 2-4 years old;

(b) if so, whether at present in most of the cities in India children are coming to pre-school at the age of 2-1/2 years;

(c) whether the National Policy of Education, 1986, specifies the elementary school age ranging from 6-14 years but actual entry age of almost all the States barring some eastern States it is 5 plus years;

(d) whether experts have stressed that strict policy of age should be followed for entry in schools in future;

(e) if so, whether early age of pre-school effects the child in his development;

(f) if so, whether National Council for Educational Research and Training (NCERT) have taken up this issue; and

(g) if so, what are the steps Government propose to take in this regard ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : (a) Some experts are of the opinion that in terms of chronological age a child at the time of entry to pre-school should be between 3-4 years old.

(b) It is true that in many cities children are being taken into pre-school at the early age of 2½ years.

(c) National Policy on Education recommends that the age for entry to elementary school should be six years. However, in many States entry age is still 5+.

(d) and (e) Many experts have opined that if a child comes into pre-school too early and is subjected to a formal curriculum, it is likely to have deterimental effects on the childs development. They have therefore suggested that for pre-school, entry age should be 3½ years and for class-I in primary school, it should be 6 years and above.

(f) and (g) The National Council of Educational Research and Training (NCERT) has conducted seminars in many cities